## न्यूज डायरी



### ईरान के उपस्वास्थ्य मंत्री को भी हुआ कोरोना, अब तक 15 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ईरान के उपस्वास्थ्य मंत्री को भी हुआ कोरोना, अब तक 15 की मौत तेहरान। कोरोना की चपेट में अब ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री भी आ गए हैं। उन्हें कोरोना संक्रमित पाया गया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया सलाहकार अलीरजा वहाबजादेह ने एक ट्वीट में कहा, श्उप स्वास्थ्य मंत्री इराज हरीची की कोरोना वायरस जांच पॉजिटिव पाई गई है। हरीची को अक्सर खांसी रहती थी और सोमवार को सरकारी प्रवक्ता अली रबी के साथ संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें पसीना भी आता हुआ दिखाई दिया था। हरीची ने सम्मेलन में एक सांसद के इस दावे को खारिज किया था कि शिया तीर्थ शहर कोम में वायरस से 50 लोग मारे गए है।

### हॉन्ग कॉन्ग सरकार सबको देगी 10—10 हजार डॉलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। हॉन्ग कॉन्ग सरकार ने अपनी मंदी से जूझ रही अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए 70 लाख स्थानीय निवासियों को नकद सहायता देने की घोषणा की है। हॉन्ग कॉन्ग की अर्थव्यवस्था पहले से मंदी से जूझ रही है और अब कोरोना वायरस की वजह से उसका संकट और बढ़ा है। हॉन्ग कॉन्ग सरकार ने बुधवार को प्रत्येक स्थायी नागरिक को 10,000 हॉन्ग कॉन्ग डॉलर की मदद देने की घोषणा की। हॉन्ग कॉन्ग के वित्त मंत्री पॉल चान ने वार्षिक बजट में लोगों को नकद सहायता देने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि हॉन्ग कॉन्ग को अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से उबारने के लिए 120 अरब हॉन्ग कॉन्ग डॉलर का प्रावधान किया गया है। इस नकद सहायता से हॉन्ग कॉन्ग पर 71 अरब हॉन्ग कॉन्ग डॉलर का बोझ पड़ेगा। हालांकि, सरकार को उम्मीद है कि उपभोक्ता इसमें से ज्यादातर पैसा दोबारा स्थानीय कारोबार में लगाएंगे, जिससे अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद मिलेगी।

### उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने पत्रकार की हत्या की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने एक पाकिस्तानी पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी। पत्रकार के रिश्तेदार तालिबान विरोधी समूह के सदस्य थे। पुलिस ने बुधवार को इस घटना की पुष्टि की। क्षेत्र में मीडिया को निशाना बनाने का यह ताजा मामला है। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान की स्वात घाटी से करीब 40 किलोमीटर दूर माट्टा में जावेदुल्ला खान (36) को मंगलवार को गोली मार दी गई थी। माट्टा पहले आतंकवादियों का गढ़ हुआ करता था। खान उर्दू भाषी अखबार 'औसाफ' के ब्यूरो चीफ थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोहम्मद एजाज खान ने बताया, "जावेद एक पुलिस गार्ड के साथ कहीं जा रहे थे तभी दो बंदूकधारियों ने उनके वाहन पर गोली चलाई। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।"

### जकार्ता में बाढ़ के कारण पांच की मौत, तीन लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के कई इलाके बाढ़ के कारण जलमग्न हैं और इसके कारण पांच लोगों की मौत हो गई है तथा तीन अन्य लापता हैं जबकि हजारों लोग अपने जलमग्न घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। अधि ाकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति आवास, एक बड़े अस्पताल और समूचे जकार्ता एवं आस पास के इलाकों में गाद से भरी बाढ़ का पानी भर गया है जबकि कुछ हफ्ते पहले ही शहर के निचले इलाकों में आई भीषण बाढ़ के कारण 70 लोगों की मौत हुई थी। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने बताया कि शहर में बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हिस्सों में जिन पांच लोगों की डूबने या आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई है उनमें दो किशोर शामिल हैं। एजेंसी के प्रवक्ता आगुस विबोवो ने बताया कि संयुक्त बचाव दल संभावित लापता तीन अन्य की तलाश में जुटा है।

# इमरान खान सरकार ने पूर्व पीएम नवाज शरीफ को भगोड़ा घोषित किया

**आरोप**

## इलाज कराने के लिए नवाज को 8 सप्ताह की जमानत मिली थी

इलाज कराने के लिए नवाज को 8 सप्ताह की जमानत मिली थी, अब उनकी जमानत अवधि नहीं बढ़ेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। लंदन में इलाज करा रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इमरान खान सरकार ने श्भगोड़ाश घोषित कर दिया है। नवाज की जमानत अवधि नहीं बढ़ाने का फैसला पंजाब सरकार ने मंगलवार को लिया। सरकार ने उनपर जमानत की शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पीएम इमरान खान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। खान के विशेष सलाहकार डॉ फिरदौस आशिक अवान कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि नवाज ने लंदन के किसी भी अस्पताल में अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं सौंपा है। मेडिकल बोर्ड ने नवाज के भेजे मेडिकल रिपोर्ट



को खारिज कर दिया है। आज से नवाज शरीफ को भगोड़ा घोषित किया जा रहा है। अगर कानून के तहत वह देश नहीं लौटते हैं तो उन्हें पूरी तरह से भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा।

**इलाज के लिए लंदन में हैं नवाज**

तीन बार के प्रधानमंत्री शरीफ 19 नवम्बर 2019 को इलाज के लिए लंदन रवाना हो गए थे। 23 दिसंबर को शरीफ ने लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान किए गए विदेश प्रवास की अवधि समाप्त होने पर उसे बढ़ाने की मांग की थी। इसके बाद पंजाब सरकार ने इस पर निर्णय करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया और निर्णय करने के लिए ताजा चिकित्सकीय रिपोर्ट मांगी थी। बशारत ने स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री डा. यास्मीन राशिद सहित पंजाब कैबिनेट के अन्य सदस्यों के साथ आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'समिति ने निर्णय किया है कि नवाज शरीफ की जमानत और नहीं बढ़ाई जा सकती।'

उन्होंने कहा कि लाहौर उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि शरीफ को आठ सप्ताह की जमानत प्रदान की गई थी। हालांकि तब से और आठ सप्ताह बीत गए क्योंकि तब से चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा, 'जब तक पंजाब सरकार ने निर्णय नहीं किया था, यह जमानत स्वतरू ही बढ़नी थी, इसलिए यह 16 सप्ताह के लिए बढ़ गई।'

बशारत ने कहा कि 16 सप्ताह बीत जाने के बाद प्रांतीय सरकार चाहती थी कि उसे शरीफ के स्वास्थ्य के बारे में सूचित किया जाए जिसके आधार पर उनकी जमानत पर कोई निर्णय किया जा सके। बशारत ने कहा, 'आज तक उन्हें (नवाज) लंदन के किसी अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है।' उन्होंने कहा कि पीएमएल. .एन सुप्रीमो के स्वास्थ्य के बारे में कोई विशिष्ट जानकारी साझा नहीं की गई।

## पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत में उत्तर–पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा की निन्दा करते हुए बुधवार को आगाह किया कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। सीएए को लेकर उत्तर–पूर्वी दिल्ली में रविवार से हो रही हिंसा में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। खान ने कहा, "मैं अपने लोगों को आगाह करना चाहता हूं कि जो भी हमारे गैर मुस्लिम नागरिकों या उनके धर्मस्थलों को निशाना बनाएगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा। हमारे अल्पसंख्यक इस देश के बराबर के नागरिक हैं।" खान ने दिल्ली में हुई हिंसा की निन्दा की और कहा कि विश्व समुदाय के अब कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, "अब भारत में 20 करोड़ मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। विश्व समुदाय को अब कार्रवाई करनी चाहिए।"

खान ने कहा, "जब भी घृणा आधारित नस्लवादी विचारधारा हावी होती है तो खूनखराबा होता है।" उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पिछले साल के अपने संबोधन का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत के फैसले की अनदेखी न करने को कहा था।



आईसीजे में रोहिंग्या केस, मालदीव ने अमल क्लूनी को चुना वकील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाली। मालदीव ने म्यांमार में प्रताड़ित रोहिंग्या मुसलमानों को न्याय दिलाने के लिए इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के केस में गाम्बिया का साथ देने का फैसला किया है। मालदीव ने साथ ही केस के लिए ह्युमन राइट के लिए लड़ने वाली प्रतिष्ठित वकील अमल क्लूनी को नियुक्त किया है। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार ने बुधवार को बताया कि इस केस में वह औपचारिक रूप से गाम्बिया के साथ जुड़ेगा। इस केस में म्यांमार की 2017 की सैन्य कार्रवाई को चुनौती दी गई है।

## चीन में मृतक संख्या 2700 पार कम हो रहा वायरस का प्रकोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन। चीन में कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आकर 52 लोगों की मौत होने के साथ ही मृतक आंकड़ा 2,715 तक पहुंच गया। वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या 78,064 तक पहुंच गई। हालांकि सीओवीआईडी–19 (कोरोना वायरस) का प्रकोप कम हो रहा है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि हुबेई से 52 लोगों की मौत की खबर मिली है और देशभर में कोरोना वायरस के 406 नए मामले सामने आए हैं। इसमें कहा गया कि मृतक आंकड़ा 2,715 पर पहुंच गया और कुल पुष्ट मामलों की संख्या 78,064 हो गई। आयोग ने कहा कि मंगलवार को 439 नए संदिग्ध मामलों का पता चला, हालांकि गंभीर मामलों की संख्या में 374 की कमी आई, अब ऐसे मामलों की संख्या घटकर 8,752 रह गई। कुल 29,745 लोगों को तबियत में सुधार के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। आयोग ने कहा कि संक्रमित लोगों के करीबी 6.47 लाख लोगों का पता लगाया गया है और 79,000 से अधिक लोगों को अभी भी निगरानी में रखा गया है।

मंगलवार तक हांगकांग में दो लोगों की मौत हुई और 85 मामलों की पुष्टि हुई। मकाऊ में दस मामलों की पुष्टि हुई और ताईवान में 31 मामलों की पुष्टि हुई तथा एक व्यक्ति की मौत हुई। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए हुबेई और वुहान को 23 जनवरी से पूरी तरह से बंद कर रखा है।

**अमेरिकी सैनिक कोरोना वायरस की चपेट में**

दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिका का एक सैनिक कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। इसके साथ ही दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के मामले बुधवार को फिर से बढ़ गए। एशियाई देश में किसी सैनिक के कोरोना वायरस की चपेट में आने का यह पहला मामला है। दक्षिण कोरिया के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने बताया कि दोएगू में169 में से 134 नये मामलों की पुष्टि हुई है। पड़ोसी उत्तर ग्योंगसांग प्रांत के शहरों में भी 19 और मामले सामने आए हैं।

## दिल्ली हिंसा पर इमरान खान ने उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हिंदू और ईसाई बच्चियों के साथ जबरन शादी और बलात्कार की घटनाओं पर अब तक चुप रहने वाले इमरान खान ने दिल्ली में सीएए हिंसा के दौरान 22 लोगों के मारे जाने पर जहर उगला है। इमरान ने कहा कि भारत में 20 करोड़ मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाजियों से प्रेरित आरएसएस के लोगों ने परमाणु हथियार से लैस भारत पर कब्जा कर लिया है और विश्व समुदाय को अब कार्रवाई करना ही होगा। पाक पीएम इमरान खान ने ट्वीट कर कहा, मैंने संयुक्त राष्ट्र में पहले ही भविष्यवाणी की थी कि जब एक बार जिन्न बॉटल से बाहर आ जाएगा तो खूनखराब बहुत भीषण होगा। कश्मीर एक शुरुआत थी। अब भारत के 20 करोड़ मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। विश्व समुदाय को अब आवश्यक रूप से कार्रवाई करना होगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा, श्आज हम देख रहे हैं कि भारत में नाजियों से प्रेरित आरएसएस की विचारधारा ने एक अरब की जनसंख्या वाले परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र पर कब्जा कर लिया है। जब घृणा पर आधारित नस्लीय विचारधारा कब्जा कर लेती है तो यह खूनखराबे की ओर ले जाती है।